भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2454
21.12.2022 को उत्तर देने के लिए

उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण

2454. कुमारी राम्या हरिदासः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान कोई उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण (सीईएस) रिपोर्ट जारी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सीईएस रिपोर्ट प्रत्येक पांच वर्ष में जारी की जानी चाहिए;
(ग) यदि हां, तो सीईएस के नवीनतम आंकड़ों के अभाव में कुपोषण और खाद्य असुरक्षा से निपटने हेतु सरकार द्वारा नीतियां बनाने के लिए किस स्रोत का उपयोग किया गया है;
(घ) क्या सरकार इस वित्तीय वर्ष में सीईएस आयोजित करने की योजना बना रही है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एनएसएस के 75वें दौर (जुलाई, 2017 - जून, 2018) के दौरान एक अखिल भारतीय घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण का संचालन किया। मंत्रालय ने सर्वेक्षणों के माध्यम से तैयार किए गए आंकड़ों और रिपोर्टों के पुनरीक्षण के लिए एक कड़ी प्रक्रिया का अनुसरण किया है। इस सर्वेक्षण के परिणामों की जांच की गई और यह पाया गया कि अन्य प्रशासनिक डेटा स्रोतों के साथ तुलना करते समय उपभोग पैटर्न के स्तरों में और परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण भिन्नता थी। मामले को विशेषज्ञों की एक समिति के पास भी भेजा गया था जिसने सर्वेक्षण पद्धति को परिष्कृत करने और समवर्ती आधार पर डेटा गुणवत्ता पहलुओं में सुधार करने की सिफारिश की थी और यह निर्णय लिया गया कि उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2017-2018 के परिणाम जारी नहीं किए जाएंगे।

(ख): मंत्रालय समय समय पर उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण (सीईएस) सहित विभिन्न सांख्यिकीय प्रतिदर्श सर्वेक्षणों का संचालन करता रहा है और मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दिशानिर्देशों के अनुसार रिपोर्टें जारी करता है ।

(ग): इस मंत्रालय द्वारा प्रकाशित उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण संबंधी नवीनतम आंकडें सीईएस (68वाँ दौर) जुलाई, 2011-जून, 2012 का रिपोर्ट है ।

(घ) और (ङ): घरेलू उपभोग व्यय पर नवीनतम सर्वेक्षण अगस्त, 2022 से शुरू किया गया है।

****